# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 26 जुलाई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK

SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान में कारगिल शौर्य वाटिका का निर्माण कहां किया जाएगा?

(a) जवाहर कला केंद्र
(b) जंतर-मंतर
(c) राजस्थान विधानसभा
(d) इनमें से कोई नही

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर विधान सभा परिसर में कारगिल शौर्य वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। इस वाटिका में हरियाली अमावस्या पर एक हजार एक सौ पौधे लगाये जायेंगे।
- कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर विधान सभा अध्यक्ष देवनानी के साथ 21 वीरांगनाएं भी विधान सभा की कारगिल शौर्य वाटिका में पौधे लगायेगी
- इस वाटिका में सिंदूर, एरिका पाम, सांग ऑफ इण्डिया, किसना फाइकस और क्रोटोन प्रजाति के पौधे लगाये जायेंगे।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**01. जिम्बाब्वे में आयोजित रामसर COP-15 में अलवर की प्रतिष्ठित सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किये जाने का प्रस्ताव किसने रखा है?**



(A) भूपेंद्र यादव

(B) ओम बिड़ला

(C) भजनलाल शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ केंद्रीय वन मंत्री तथा अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव ने जिम्बाब्वे में आयोजित रामसर COP-15 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अलवर की प्रतिष्ठित सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किये जाने का प्रस्ताव रखा है।

♦रामसर COP-15, यानी रामसर सम्मेलन के पक्षकारों का 15वां सम्मेलन, 23 से 31 जुलाई, 2025 तक

♦ सिलीसेढ़ झील का निर्माण अलवर के महाराजा विनय सिंह ने 1845 में करवाया था।

♦देश में कल रामसर स्थल – 91, राजस्थान में रामसर स्थलों की संख्या – 4 (केवलादेव राष्ट्रीय अभ्यारण (1981),सांभर झील (1990), मेनार गांव (उदयपुर) – 5 जून 2025, खीचन (फलोदी) – 5 जून 2025)

02. राजस्थान ने 6 करोड़ 30 लाख से अधिक लोगों की आभा ID बनाकर देश में कौनसा स्थान प्राप्त किया है?

(A) तीसरा

(B) पहला

(C) दूसरा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि चिकित्सा विभाग ने राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन लागू किया गया है।
- आमजन के हेल्थ रिकॉर्ड को डिजिटली संग्रहीत करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने के लिए अब तक 6 करोड़ 30 लाख से अधिक लोगों की आभा आईडी बनाकर राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।
- उत्तर प्रदेश 10 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाने वाला देश का पहला राज्य है.
- आभा आईडी का उपयोग करके, मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से संग्रहीत किया जा सकता है और इसे आसानी से एक्सेस किया जा सकता

03. हाल ही में 'द राजस्थान को-ऑपरेटिव सोसायटीज बिल 2025 लाए जाने की घोषणा किसने की है?

(a) गौतम दक

(b) भजनलाल शर्मा

(c) मदन दिलावर

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में अब हाउसिंग और क्रेडिट सोसायटी को अलग से नियंत्रित किया जाएगा। क्रेडिट सोसायटीज के लिए रेगुलेटरी बोर्ड बनेगा।

♦सहकारिता मंत्री गौतम दक ने घोषणा की है पांच राज्यों में स्टडी के बाद 'द राजस्थान को-ऑपरेटिव सोसायटीज बिल 2025' लाया जा रहा है।

♦ हाउसिंग सोसायटी बिना रजिस्टर्ड डीड के जमीनों की खरीद-बिक्री नहीं कर सकेंगी। कैश ट्रांजेक्शन बंद होगा। वॉट्सएप या मेल से भी नोटिस दिया जा सकेगा।

♦24 साल बाद  दरअसल सरकार सहकारिता विभाग के लिए नया को-ऑपरेटिव कोड ला रही है। 29 सेक्शन जोड़े गए

♦ राज्य और केंद्र की शेयर्ड पूंजी की अधिकतम सीमा की शर्त हटा दी गई है। पहले 25% निवेश कॉपरेटिव सोसायटी में कर सकते थे, अब सरकारें 100% निवेश कर सकती हैं।

**04. थाईलैंड में आयोजित दूसरे एशियाई अंडर 16 वालीबॉल चैंपियनशिप में भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है, इसमें राजस्थान से किसने प्रतिनिधित्व किया?**

**(A) रजत धनखड़**

**(B) उदय चौधरी**

**(C) विकास चौधरी**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

♦थाईलैंड में आयोजित दूसरे एशियाई अंडर 16 वालीबॉल चैंपियनशिप में भारत ने जापान को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

♦ इस टीम में राजस्थान के खिलाड़ी रजत धनखड़ भी शामिल थे।

♦रजत धनखड़ राजस्थान के चूरू जिले के गांव सरदारपुरा (सादुलपुर) से है

05. राजस्थान के किस RTO में पहली बार 1 अगस्त से 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' (FIFO) सिस्टम लागू किया जा रहा है?

(a) चूरू RTO

(b) बीकानेर RTO

(c) जयपुर RTO प्रथम

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ जयपुर RTO प्रथम से प्रदेश में पहली बार बड़ा नवाचार किया जा रहा है। एक अगस्त से यहां 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' (FIFO) सिस्टम लागू किया जाएगा।

♦यानी जो आवेदन सबसे पहले कार्यालय में पहुंचेगा, उसी पर पहले कार्य होगा

♦नागरिकों की मदद के लिए हेल्प डेस्क भी शुरू किया गया है, जिससे सिटीजन पोर्टल और कार्यालय में आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

06. राजस्थान में पशुपालन विभाग द्वारा कितने जिलों के लिए 197 नवीन पशु चिकित्सा उपकेंद्रों के खोलने की स्वीकृति जारी कर दी गई है?

(A) 09

(B) 15

(C) 28

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

◆ राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति के तहत पशुपालन विभाग द्वारा 9 जुलाई को 28 जिलों के लिए 197 नवीन पशु चिकित्सा उपकेंद्रों के खोलने की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

◆इन नवीन पशु चिकित्सा उप केंद्रों के लिए नए अतिरिक्त पद सृजित किए जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई है

07. पीएम मोदी द्वारा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को फुचसाइट पत्थर पर हाथ से उकेरा गया चांदी का शेर भेंट किया, यह किस राज्य के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया था?

(A) राजस्थान

(B) बिहार

(C) गुजरात

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡ प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं को शानदार उपहार देकर भारत की कलात्मक विरासत का प्रदर्शन किया

♦पीएम मोदी द्वारा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मायली को फुचसाइट पत्थर के आधार पर हाथ से उकेरा गया चांदी का शेर भेंट किया।

♦यह राजस्थान की प्रसिद्ध धातु कला और रत्न शिल्प का बेहतरीन उदाहरण है।

♦भारत के खनिज समृद्ध क्षेत्रों से प्राप्त चांदी और फ्यूचसाइट का उपयोग करके राजस्थानी कारीगरों द्वारा तैयार किया गया यह उपहार देश की समृद्ध कलात्मक और भूवैज्ञानिक विरासत को खूबसूरती से दर्शाता है।

08. राजस्थान के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत कब से की है?

(A) 13 जून से

(B) 15 जून से

(C) 18 जून से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- प्रदेश के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 13 जून से राज्य में 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत की जा रही है।
- इस अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव कोटा जिले के रामगंज मंडी के मोडक गांव से करेंगे।
- यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' को गति देने और प्रदेश के हर गांव को स्वच्छता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

09. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण(IRDAI) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

(A) अजय सेठ

(B) रवीश कुमार

(C) सुधीर राघव

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ अजय सेठ को 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए IRDAI (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

♦ यह पद मार्च 2025 में देबाशीष पांडा के इस्तीफे के बाद से रिक्त था।

♦ अजय सेठ कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के IAS अधिकारी हैं।

♦ उन्होंने 2021 से वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) के सचिव के रूप में कार्य किया।

**10. हाल ही में किसका रिकॉर्ड तोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने हैं?**

(A) मनमोहन सिंह

(B) राजीव गांधी

(C) इंदिरा गांधी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- नरेंद्र मोदी भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बने
- जुलाई 2025 को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 4,078 दिन पूरे करके भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए, जिससे इंदिरा गांधी का 4,077 दिनों का रिकॉर्ड टूट गया।
- इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक 11 वर्ष 59 दिन तक प्रधानमंत्री पद पर कार्य किया।
- नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
- जवाहरलाल नेहरू निरंतर सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले प्रधानमंत्री बने हुए हैं।

**Today, Quiz:**

**Q. जोधपुर का नया पुलिस कमिश्नर किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) IPS विकास कुमार

(b) IPS ओम प्रकाश

(c) IPS राजेश मीणा

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine